

लोकशक्ति के पाठकों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964




अवकाश सूचना : होली के पर्व पर लोकशक्ति कार्यालय में अवकाश रहेगा ।

वर्ष-60 › अंक -85 रायपुर सोमवार 25 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## महुआ मोइत्रा पर सीबीआई ने कसा शिकंजा, कई ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता एजेंसी।**

टीएमसी की पूर्व सांसद और सांसद प्रत्याशी महुआ मोइत्रा से जुड़े कई ठिकानों पर सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। सीबीआई की यह कार्रवाई पैसे लेकर सवाल पूछने से जुड़ी है। ब्यूरो ने कोलकाता सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि गुरुवार को ही सीबीआई ने मोइत्रा के खिलाफ रेगुलर केस दर्ज किया था। दिल्ली से सीबीआई की एक टीम मोइत्रा के पिता के दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके स्थित फ्लैट पर पहुंची है। दरअसल टीएमसी सांसद रही मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे थे। जांच के बाद एथिक्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट स्पीकर को सौंपी थी। इस पूरे मामले की शुरुआत भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों से हुई। दुबे ने मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी हीरानंदानी से रिश्वत लेने का



आरोप लगाया था। दुबे ने ये आरोप मोइत्रा के पूर्व दोस्त जय अनंत देहाद्रई की शिकायत के आधार पर लगाए थे। निशिकांत दुबे के इन आरोपों के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कमेटी गठित की। कमेटी ने मोइत्रा, दुबे सहित कई लोगों के बयान दर्ज किए। विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक में 'कैश-फॉर-क्वेरी' के आरोप पर मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। कमेटी के 6 सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था और दिसंबर 2023 में उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई।

# राजनाथ ने लेह में सैनिकों के साथ होली मनाई

**दुर्गम इलाके और कठोर मौसम में राष्ट्र की रक्षा करने के लिए सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान की सराहना की**

**रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों से सैनिकों के साथ एक दिन पहले त्योहार मनाने की नई परंपरा स्थापित करने का आग्रह किया**

**देश के रक्षकों के साथ ऐसे उत्सव मनाना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग बन जाना चाहिए**

**एजेंसी।**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 24 मार्च, 2024 को लेह में सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार होली मनाया। इस अवसर पर उनके साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली भी थे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए दुर्गम इलाके और कठोर मौसम में मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान की सराहना की । उन्होंने कहा, ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात सैनिकों



की सकारात्मक प्रतिबद्धता शून्य से कम तापमान से भी ज्यादा मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जैसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, उसी प्रकार लद्दाख भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा, ÷पूरा देश सुरक्षित महसूस करता है, क्योंकि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं की हिफाजत कर रहे हैं। हम प्रगति कर रहे हैं और खुशहाल जीवन जी रहे हैं, क्योंकि हमारे मुस्तैद सैनिक सीमाओं पर तैयार खड़े हैं। प्रत्येक नागरिक को सशस्त्र बलों पर गर्व है, क्योंकि वे अपने परिवारों से बहुत दूर रहते हैं, ताकि हम अपने परिवारों के साथ होली और अन्य त्योहार शांतिपूर्वक मना सकें। राष्ट्र सदैव हमारे सैनिकों का ऋणी रहेगा तथा उनका साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।÷

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि उन्होंने सैनिकों के साथ एक दिन पहले होली मनाने का फैसला किया, क्योंकि उनका मानना है कि त्योहारों को सबसे पहले देश के रक्षकों के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से सैनिकों के साथ एक दिन पहले त्योहार मनाने की नई परंपरा स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÷कारगिल की बर्फसे ढकी चोटियों पर, राजस्थान के तपते मैदानों में और गहरे समुद्र में स्थित पनडुब्बियों में तैनात सैनिकों के साथ इस तरह के उत्सव मानना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग बन जाना चाहिए।÷

# नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आए रंगों से सजा पर्व : मोदी



**नईदिल्ली,एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ÷देश के मेरे सभी परिवारजनों को होली की अनेकानेक शुभकामनाएं। स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए।÷

बता दें कि आज देशभर में छोटी होली यानी होलिका दहन के रूप में मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में इस दिन का बेहद खास महत्व होता है। यह दिन अच्छाई पर बुराई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

**होली को लेकर क्या है मान्यता?** ऐसा माना जाता है कि इस दिन राक्षसी होलिका का अंत हुआ था, जो बुराई का प्रतीक है और भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा हुई थी, जो अच्छाई और सच्चाई का प्रतीक माना जाता है। तब से हर साल होली से एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, जिसमें अपने भीतर की सभी बुराइयों को प्रतिकात्मक रूप से जलाया जाता है। इसलिए लोग खुली जगहों में होलिका जलाते हैं।

## गोरखपुर से सीएम योगी : सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए पर्व-त्योहार

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को होली की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पर्व एवं त्योहार सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए। कहीं कोई भेदभाव न हो, सभी एकजुट रहें। यही होली का भी संदेश है। शक्तिशाली समाज और समर्थ राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे, सबके बीच मतभेद समाप्त हो। सीएम योगी रविवार शाम पाण्डेयहाता में होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित होलिका दहन शोभायात्रा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम एकजुटता की भावना से देश हित के लिए



सक्रिय होते हैं तो पर्व-त्योहारों के उमंग और उत्साह का लाभ अनंत काल के लिए प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन और होली को सत्य, न्याय व धर्म की विजय के उल्लास का पर्व बताते हुए कहा कि जहां भक्ति होती है वहां स्वतः शक्ति आ जाती है। भक्ति और शक्ति का यह समन्वय होलिका दहन के रूप में देखने को मिलता है। होलिका दहन में यह संदेश निहित है कि अन्यायी और अत्याचारी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसका अंत सुनिश्चित होता है। होलिका दहन सन्मार्ग पर चलने वाले भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का तथा अन्यायी हिरण्यकश्यप और होलिका के नष्ट होने का स्मरण पर्व है।

## सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार



**नई दिल्ली एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई।

## अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश को माना भारत का ही हिस्सा, चीन का दावा खारिज



**एजेंसी। वाशिंगटन ।** अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा के रूप में मान्यता देते हुए अमेरिका ने चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा की सीमा को बढ़ाने की दिशा में उठाए गए हर कदमों की आलोचना की है। यह टिप्पणी तब आई, जब बीजिंग ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य की हालिया यात्रा के बाद भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को स्वीकार नहीं करता है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम एलएसी पर नागरिक घुसपैठ या अतिक्रमण के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं। बीते दिनों भारतीय नेताओं की यात्राओं पर आपत्ति जताने के बाद चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि वह पीएम मोदी की यात्रा की कड़ी निंदा करते हैं।

# चीन-ताइवान में फिर तनातनी, पीएलए के 32 लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश

**एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। सुबह को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।



**चीन और ताइवान के बीच एक अनौपचारिक सीमा**

रक्षा मंत्रालय का दावा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के इन 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कल ताइवान में 15 चीनी सैन्य विमान और 10 नौसैनिक जहाज घुस आए। इतना ही नहीं चीन के 15 विमानों में से छह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में घुस गए। हालांकि उस समय किसी भी विमान ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार नहीं किया था।

## सीबीएसई ने छत्तीसगढ़ के 2 समेत 10 राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द की...

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

नई दिल्ली केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इन स्कूलों में नियम विरुद्ध आचरण करने के साथ-साथ कदाचार में लिप्त रहने के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा केरल और उत्तराखंड के स्कूलों पर भी गाज गिरी है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और असम के भी कई स्कूलों की मान्यता भी रद्द की गई है। वहीं दिल्ली, पंजाब और असम के तीन स्कूलों की मान्यता को डाउनग्रेड यानी घटा दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के




मुताबिक जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है, इनमें डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के प्रमाण मिले हैं। सचिव हिमांशु गुप्ता ने 22 मार्च को जारी बयान में कहा, क्या स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं? यह जांचने के लिए देश भर के सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों में औचक निरीक्षण किया गया।

**किन राज्यों के स्कूलों पर गिरी गाज** - जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है इसमें एक केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू-कश्मीर) भी शामिल है।

**दिल्ली के पांच स्कूल**

उत्तर प्रदेश के तीन स्कूल

केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के दो-दो स्कूल

जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और असम के एक-एक स्कूल।

### तीन स्कूलों को डाउनग्रेड करने का फैसला

निरीक्षण के बाद जारी सीबीएसई के बयान के मुताबिक 10 राज्यों के 20 स्कूलों में पाया गया कि कुछ स्कूल डमी और अयोग्य छात्रों का पंजीकरण कराने के अलावा विभिन्न कदाचारों में लिप्त पाए गए। स्कूलों में रिकॉर्ड भी ठीक से नहीं पाए गए। गहन जांच के बाद 20 स्कूलों की मान्यता रद्द करने, जबकि तीन स्कूलों को डाउनग्रेड करने का फैसला लिया गया। सीबीएसई ने अभिभावकों से इन स्कूलों से सतर्क रहने की अपील भी की है।

## 'असमिया लोगों की एक संस्कृति'



**एजेंसी** सीएम ने कहा कि असमिया लोगों की एक संस्कृति है जिसमें लड़कियों की तुलना 'शक्ति' (देवी) से की जाती है और दो-तीन बार शादी करना असमिया संस्कृति नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ÷मैं उनसे हमेशा कहता हूं, 'मियां' के स्वदेशी होने में कोई समस्या नहीं है लेकिन वे दो-तीन पत्नियां नहीं रख सकते। यह असमिया संस्कृति नहीं है। कोई सत्र (वैष्णव मठ) भूमि का अतिक्रमण कर मूल निवासी कैसे बनना चाहता है?÷

# मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष का अगुवा बना हिंदुस्तान, दुनिया भर में इसरो का गुणगान

**एजेंसी।**

नई दिल्लीः इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ढ्ढस्क्रह्र) ने अपनी स्थापना के बाद से ही अंतरिक्ष में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में इसरो ने अपनी गति तेज कर दी है। लिहाजा भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी पोल से लेकर शुक्र और सूर्य के एल1 तक पहुंच चुका है। इसरो की सफलता ने सिर्फ भारतवासियों को ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता को गौरवान्वित किया है। तभी तो पूरी दुनिया इसरो की कुशलता की कायल हो गई है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत में अंतरिक्ष को लेकर उत्साह दुनिया भर से प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहा है और उन्हें व्यवसाय शुरू करने एवं क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहा है।

डब्ल्यूईएफ के मंच 'सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन' (सी4आईआर) ने विभिन्न हितधारकों के बीच वैश्विक सहयोग बनाने के लिए पिछले सप्ताह




भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम शुरू किया है क्योंकि देश में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। सी4आईआर की कार्यकारी समिति के सदस्य सेबस्टियन बकुप ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ÷भारत को छोटे, महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष देशों के लिए एक आदर्श, प्रकाशस्तंभ के रूप में देखा जाता है, जो समर्थन के लिए भारत की ओर भी देखते हैं।÷ उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ एक समावेशी और जिम्मेदार तरीके से समग्र रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र के बड़े और उभरते देशों के बीच आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना चाहता है।

### उपग्रहों के प्रक्षेपण पर भारत कर रहा भारी निवेश

बकुप ने कहा कि भारत साझा बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है, मिसाल के तौर पर वह छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है जो अंततः डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के बराबर बन सकता है। उन्होंने कहा कि अगर भारत ÷अंतरिक्ष सार्वजनिक बुनियादी ढांचा÷ बनाने में कामयाब रहा, तो इससे अंतरिक्ष उद्यमिता के मामले में तेजी आएगी। बकुप ने अपनी भारत यात्रा के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कीं, जिनमें भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अधिकारी और अंतरिक्ष स्टार्ट-अप के प्रतिनिधि शामिल थे।

## भारत ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी के 'घोर हस्तक्षेप' की निंदा की

**एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर देश की टिप्पणियों पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को जर्मन दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया। एक बयान में, जर्मनी के विदेश मामलों के प्रवक्ता ने उम्मीद जताई थी कि केजरीवाल के मामले में ÷न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानक लागू किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा,÷...आरोपों का सामना करने वाले किसी भी व्यक्ति की



तरह, केजरीवाल निष्पक्ष और निष्पक्ष सुनवाई के हकदार हैं, इसमें बिना किसी प्रतिबंध के सभी उपलब्ध कानूनी रास्ते का उपयोग करना शामिल है। निर्दोषता का अनुमान कानून के शासन का एक केंद्रीय तत्व है और इसे लागू होना चाहिए। जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भारत ने जर्मन दूतावास के मिशन के उप प्रमुख, जॉर्ज एनज़्वीलर को तलब किया और इसे अपनी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# पुलिस परेड ग्राउंड में सीएम ने लोगों के साथ मनाई होली



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों के साथ होली मनाई। विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ वासियों को होलिका दहन और होली की शुभकामनाएं। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। प्रदेश वासियों से मेरा आग्रह है कि इस त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं।

### सद्गुणों को अपनाएं : सीएम विष्णुदेव साय

होली का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं इसी कड़ी में सीएम विष्णुदेव साय ने होली पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। सीएम साय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि बुराई में अच्छाई की जीत का त्योहार है। इस त्योहार में दुश्मन भी गले मिलते हैं। प्रदेशवासियों से आग्रह है कि सभी शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं।

## फाग महोत्सव में शामिल हुए सांसद संतोष



सांसद पांडे ने लिखा : गत दिवस जय माँ परमेश्वरी सेवा समिति एवं फाग मंडली, सुकुलदैहान और राधा कृष्ण फाग उत्सव समिति, डिलापहरी द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी और क्षेत्रवासियों के साथ होली मनाई।

## खास खबर....

### मुख्यमंत्री ने दी होली की बधाई



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री साय ने कहा, होली का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा, विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देता है। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी हो ये पता नही होता इसीलिए द्वेष, वैमनस्य का जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए , होली में तो कहा ही जाता है होली के दिन तो दुश्मन भी गले मिलते है। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कामना की कि होलिका दहन के साथ ही प्रदेश की सारी समस्याएँ भस्म हों और छत्तीसगढ़ विकास, सामाजिक न्याय और समरसता के इंद्रधनुषा रंगों से सराबोर हो।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दी होली की बधाई

**रायपुर ।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन और होली पर्व की बधाई दी है। डिप्टी सीएम शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नकारात्मकता होलिका की अग्नि में समाहित हो और प्रदेशवासियों का जीवन सुख, समृद्धि और संपन्नता के प्रकाश से आलोकित हो। असत्य व अधर्म पर सत्य और भक्ति की विजय के प्रतीक पर्व पर दुःख, घृणा, घमंड की होली जले और छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और शुभता आए। इस पर्व का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। होली के रंग हमारी बहुविध-सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए विविधता में एकता का संदेश देते हैं। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह त्यौहार प्रदेश और यहां के लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियां लेकर आएगा। यह पर्व हमें एक-दूसरे के साथ अपनी खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब और महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद संवाददाता।**



अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान 23 मार्च को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम महासमुंद ग्रामीण /शहर/आंतरिक/बागबाहरा की संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कुरुभाठा थाना-खल्लारी निवासी गेंदूराम यादव उम्र 35 वर्ष तथा कृष्णा कुमार उम्र 27 वर्ष के संज्ञान आधिपत्य की तलासी लेने पर आरोपियों के कब्जे से क्रमशः दस लीटर क्षमता वाली 06 प्लास्टिक जरीकेनो में (प्रत्येक में 10-10 लीटर) भरी कुल 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब तथा किलोग्राम क्षमता वाले 36 प्लास्टिक डब्बों में (प्रत्येक में 50-50 किलोग्राम) महुआ लाहन कुल 1800 किलोग्राम, 20 किलोग्राम क्षमता वाले 25 प्लास्टिक डब्बों में (प्रत्येक में 25-25द्मद्द) 500 किलोग्राम महुआ लाहन कुल बाज़ार मूल्य 127000 रुपए विधिवत कब्जे आबकारी लिया गया, महुवा लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

उक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त महासमुंद ग्रामीण प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, विकास बढेंद्र, हृदय कुमार तिरपुड़े,आरक्षक देवेश मांझी, संजय तिवारी तथा आबकारी स्टाफमहासमुंद उपस्थित थे। इसी प्रकार आबकारी टीम सांकरा द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत रघुनंदन बेनर्जी उम्र 54 वर्ष, ग्राम जामजुडा थाना-सांकरा के रिहायसी मकान की तलासी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 लीटर क्षमता वाली 03 प्लास्टिक पालीथीन में भरी कुल 15 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 08 नग देशी प्लेन पाव मात्रा 1.440 लीटर तथा 05 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव मात्रा 0.900 लीटर उक्त मदिरा की कुल मात्रा 17.340 लीटर , बाजार मूल्य 4240 रुपये है को विधिवत आबकारी कब्जा लेकर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी स्टाफ सांकरा उपस्थित थे।

# मुखोटा पहनने वालो पर रहेगी राजधानी पुलिस की नजर



**रायपुर,** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है, तो वहीं दूसरी तरफ होली के त्यौहार को लेकर रायपुर पुलिस ने कठोर गाइडलाइन बनाते हुए उपद्रव करने वाले लोगों पर नकेल कसने की तैयारी कर रही है। आचार संहिता और होली के त्यौहार को देखते हुए रायपुर पुलिस विभाग ने मुखौटों पर बैन लगा दिया है। रायपुर पुलिस ने गाइडलाइन जारी करते हुए होली के त्यौहार के दिन मुखौटा पहने पर पूरी तरह से बैन लगाते हुए कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। रायपुर पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से होली के पर्व को मनाने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार से उपद्रव करने वाले लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा। इसके साथ ही पुलिस ने मुखोटे पर बना लगाते हुए लोगों से शांति के साथ त्योहार मनाने की बात कही है। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तरफ से आदेश जारी करते हुए तेज रफ्तार वाहन चालकों और दो पहिया वाहनों में तीन सवारी बैठने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो वार्डो में दिखी गंदगी, लगाया गया जुर्माना




**रायपुर,** राजधानी में सफाई को लेकर लगातार निगरानी के बावजूद गड़बड़ी बंद नहीं हो रही है। शुक्रवार को निगम के अफसरों ने काली माता और पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड में अचानक निरीक्षण किया। दोनों वार्डों में गंदगी मिली। जगह-जगह पर कचरा फैला था। जांच करने पर पता चला कि वहां सफाई करने वाले कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम थे। अफसरों ने ठेकेदार के सामने रजिस्टर लेकर एक-एक कर्मचारी की गिनती करवायी। उसमें धांधली सामने आने पर दोनों वार्ड के सफाई ठेकेदारों पर 10- 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बाद अफसरों ने मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। दुकान संचालक द्वारा मिष्ठान भंडार से निकलने वाला मलबा सीधे नाली में डाला जा रहा था। वहीं होटल में गंदगी थी। गुजराती मिष्ठान भंडार के ऊपर 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

# जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय दल ने किया मूल्यांकन

**,एजेंसी।**

जिला चिकित्सालय दुर्ग में राष्ट्रीय दल द्वारा विगत 20 एवं 21 मार्च 2024 को दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम अंतर्गत मूल्यांकन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. ए.के.साहू के अनुसार जिला चिकित्सालय के कुल 18 विभाग इस कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से ही 3 वर्षो के लिए क्वालिटी सर्टिफाइड है। यह मूल्यांकन नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर दिल्ली के नेशनल एसेसर डॉ.दीपक नामदेव एवं डॉ. श्रीनिवास श्रीराम द्वारा किया गया। 2 दिनों तक अस्पताल के ओ.पी.डी., कैजुअल्टी, आई.पी.डी., लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, शिशु वार्ड, नवजात गहन चिकित्सा इकाई एवं फार्मेसी का गहन मूल्यांकन किया गया। दिल्ली से आए सदस्यों द्वारा बताया गया की यह मूल्यांकन एनक्यूएएस के रूटीन मूल्यांकन से अलग है जो की पहले से सर्टिफाइड फैसिलिटी का सर्प्राइज तौर पर बिना बताए किया जाता है। जिसमे 90 प्रतिशत संस्थाएं सफल नही हो पाता परंतु जिला चिकित्सालय में दी जाने वाली सेवाए गुणवत्तापूर्ण एवं काफी अच्छी है। एसेसर में यह भी बताया कि जिला चिकित्सालय दुर्ग में दी जाने वाली सेवाएं प्रदेश के अन्य चिकित्सालयों के लिए एक बेंचमार्क सेट कर रही है पूरे प्रदेश में जिला चिकित्सालय दुर्ग रोल मॉडल की तरह कार्य कर रहा है, पूरे मूल्यांकन के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरूण कुमार साहू एवं आर.एम.ओ. सह अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव के नेतृत्व में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं वार्ड / नर्सिंग इंचार्ज की पूरी टीम द्वारा सफलतापूर्वक करवाया गया जिसमे प्रत्येक विभाग के 8 अलग अलग क्षेत्रों का काफी गहन मूल्यांकन किया गया है।



## खास खबर

### दिव्यांग मतदाता संजय पटेल ने दिलाया सामूहिक शपथ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ का मान, शत प्रतिशत मतदान थीम पर होली स्वीप महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाता संजय पटेल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। साथ ही दिव्यांग वोटर और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर्स को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित रैली में लगभग 500 की संख्या में बिहान समूह की महिलाएं, रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित हुए। महिलाओं द्वारा नागरिकों से शतप्रतिशत मतदान की अपील करते हुए, ' हम महिलाओ ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करवाना है ' के नारे का वाचन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निर्देशक हरिशंकर चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव, एनआरएलएम कैडर, रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के समस्त स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### बड़गांव में आयोजित किया गया स्वीप होली कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव में आज भव्य, वृहद एवं बेहतरीन स्वीप होली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के साथ पूरी आत्मीयता के साथ होली खेली। उन्होंने ग्रामीणों एवं मतदाताओं के साथ पूरी आत्मीय भाव के साथ होली खेलकर यह संदेश देने का प्रयास किया कि आज जिस अपनापन एवं आत्मीय भाव के साथ हम होली का आनंदोत्सव मना रहे हैं। उसी आत्मीय भाव और अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ग्राम बड़गांव में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप होली का बेहतरीन आयोजन अत्यंत रोमांचकारी नजर आ रहा था। कार्यक्रम में महिलाएं गोपिकाओं के प्रतीक के रूप में मतदाता जागरूकता के संदेश पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा पलाश के फूल की वर्षा कर अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित सुमधुर फाग गीत की प्रस्तुति कर ग्रामीणों एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान स्वीप होली कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सुमधुर फाग गीत की प्रस्तुति से ग्रामीण एवं श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए थे। गीत-संगीत से भाव विभोर होकर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने खूब होली नृत्य किया।

# लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम होगी

रायपुर। हमारी भारतीय जनता पार्टी की बड़ी ताकत है युवा मोर्चा। प्रत्येक चुनाव में मोर्चा अहम भूमिका निभाता रहा है। इस बार भी भाजपा के युवा तुर्क अपना पराक्रम दिखाएंगे और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएंगे। यह बात वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को भाजयुमो रायपुर शहर जिला की बैठक के दौरान कही। बैठक का आयोजन भाजपा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में किया गया था।



इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने कहा कि, पहले के चुनाव बिजली, पानी, सड़क पर केंद्रित होते थे। लेकिन अब समय बदल गया है। अब विकसित भारत बनाने को लेकर चुनाव हो रहा है। भारत को विश्व गुरु और अखंड भारत बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। मोदी ने आम आदमी के जीवन को बदलने वाली अनेक योजनाएं चलाईं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है बस जनता को जागरूक करने की जरूरत है। आज की तारीख में मोदी ने युवाओं के जीवन को बदलने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। इससे युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि वो स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित भी महसूस कर रहे हैं। जब युवा शक्ति सही मार्गदर्शन और सही समर्थन प्राप्त करती है, तो वो इतनी मेहनत करती है कि उसके सामर्थ्य बढ़ जाते हैं।

युवाओं में उम्मीद, जोश, संकल्प और स्वावलंबन होता है जो उन्हें आगे बढ़ने और दृढ़ता से अपने लक्ष्य को अर्जित करने में सहायता करता है। युवा शक्ति देश की दशा और दिशा बदलने का दम रखती है। किसी भी लक्ष्य को पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा से हासिल कर सकती है। उन्होंने मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाने के लिए कहा। साथ मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को जनता को बताने को कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि, कांग्रेस सरकार में यूपीएसएसी, भ्रष्टाचार का बोल बाला था जबकि भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है। अकेले स्कूल शिक्षा विभाग में 33 हजार से ज्यादा भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जो युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि, रायपुर लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा जनता को मतदान के लिए जागरूक करें और अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में शामिल मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया ।

सम्मेलन में सांसद सुनील सोनी, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे, प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गंधर्व पांडेय, जिला प्रभारी मनीष पांडेय, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता, जिला महामंत्री प्रणय साहू, अर्पित सूर्यवंशी सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक धनगर, मनमित सिंह पन्नू अल्पसंख्यक समेत सकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# पाप कर्म और पुण्य कर्म किसी भी जन्म में मनुष्य का पीछा नहीं छोड़तेः ब्रम्हचारी विजय

**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारिणी एवं सकल जैन समाज के तत्वावधान में चल रहे अष्टानिक महापर्व के छठे दिन सिद्धचक्र महामंडल विधान में 22 मार्च को ब्रह्मचारी विजय भईया (गुणायतन) के सानिध्य में 512 अर्घ्य चढ़ाएं गए। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया की आज सर्वप्रथम प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान व 24 वे तीर्थंकर महावीर भगवान को पांडुकशीला में विराज मान कर 4 स्वर्ण कलशों की स्थापना की गई।



तत्पश्चात स्वर्ण कलशों से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने अभिषेक प्रारंभ किया। आज की चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता वृहद शांति धारा करने का सौभाग्य सनत कुमार समित कुमार गंगवाल, श्रेयश जैन बालू पवन कुमार, समित कुमार जैन समता कॉलोनी, रजनीश जैन टैगोर नगर वालो को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सातवी वाले पूजा कर सिद्ध चक्र विधान मंडल पर कुल 512 अर्घ्य चढ़ाए।

विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया (गुणायतन) ने अपने वक्तव्य में बताया की इंसान का जीवन उसके कर्मों के अनुसार पाप और पुण्य के बीच चलता है। जब तक पुण्य कर्म चलता है, तब तक मनुष्य उत्तम जीवन बिताता है, जब पाप कर्म आता है तो अकस्मात उसके ऊपर ऐसी विपत्ति आ जाती है कि मानो ईश्वर किसी घोर दुष्कर्म का दंड दे रहा हो।उन्होंने कहा कि यह सब अपने अपने कर्मों का पाप पुण्य का फल है, जिसने जैसा बोया, उसको वैसा ही काटना पड़ेगा। इसीलिए हमेशा अच्छे सद्कर्म करो, धर्म करो, पाप कर्म से बचो। सदैव समभाव रखते हुए धार्मिक क्रियाकलाप अभिषेक पूजन मुनीराजो के सेवा में लगे रहना चाहिए जिससे आप का पुण्य अनेकों गुना बढ़ता है पाप कर्मों का क्षय होता है और जो पाप कर्म से जो परेशानियां जीवन में आती है उससे घबराना नहीं चाहिए समता भाव पूर्वक सहन करना चाहिए।

आज कुबेर इंद्र नरेंद्र जैन अरुणा जैन गुरुकृपा परिवार द्वारा मंडल एवं उपस्थित श्रद्धालुओं पर रत्न वर्षा भी को गई। विधान में सभी प्रमुख प्रमुख पात्र जैसे महासती मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य महेंद्र कुमार,सनत कुमार ,अनिल कुमार ,रोमिल जैन चूड़ी वाला परिवार को प्राप्त हुआ सौधर्म इंद्र श्रेयश बालू जैन रुचि जैन,कुबेर इंद्र योगेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार जैन गुरुकृपा परिवार ,महायज्ञ नायक संजय दीप्ति जैन प्रेमी परिवार,यज्ञ नायक भरत जैन,ईशान इंद्र लोकेश चंद्रकांत जैन ,सनत इंद्र,मीठालाल जैन,माहेंद्र इंद्र,नीरज जैन,महामंडलेश्वर पुष्पेंद्र जैन, रजनीश जैन, संजय सरिता जैन, प्रणीत जैन मंडल निर्माण पुण्यार्जक विजय कुमार अजय कुमार संजय नायक परिवार, सिद्ध चक्र यंत्र पुण्यर्जक अनिल जैन बिलासपुर,प्रभात शालिनी जैन को प्राप्त हुआ। सभी प्रतिदिन सपरिवार उपस्थित होकर विधान में अर्घ्य समर्पित कर रहे है। प्रतिदिन रात्रि में श्रीजी संगीतमयी भव्य आरती प्रतिदिन की जा रही है। संगीतमय आरती लता जैन निलेश जैन ओमकार म्यूजिकल ग्रुप सागर के मधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में जमकर थिरके।

## महिला समूहों की दीदियों के बनाए हर्बल गुलाल से सुकमा जिलेवासियों की होली में आयेगी बहार



**सुकमा।** कलेक्टर हरिस एस. को उनके निवास पर आकृति स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल भेंट किया गया। इस दौरान महिला समूह की दीदियों ने बताया कि वे स्थानीय फूलों का उपयोग कर प्राकृतिक ढंग से यह हर्बल गुलाल तैयार किये हैं, जिसे स्थानीय हाट-बाजार में भी विक्रय कर रहे हैं। कलेक्टर हरीस एस. ने महिला समूह की उक्त प्रयास को सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया।

वहीं उन्होंने महिला समूह की दीदियों के आग्रह पर कलेक्ट्रेट परिसर में भी हर्बल गुलाल बिक्री की अनुमति दी और अधिकारियों-कर्मचारियों को महिला समूह द्वारा तैयार नेचुरल गुलाल का उपयोग होली त्यौहार के लिए किये जाने कहा। विदित हो कि इस वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा आदिवासी उप योजनान्तर्गत छह महिला स्व-सहायता समूहों को प्राकृतिक रूप से गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था, जिसमें से दो महिला समूहों मुस्कान एवं आकृति ने करीब 10 क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार किया है। इसे बेचकर उक्त महिला समूह की दीदियां होली त्यौहार के लिए आय अर्जित करेंगी।

# नुक्कड़-नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के निर्देशन में शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ. साधना खरे तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के प्राचार्य राम हरिशरण के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये कोरबा शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम




नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने हेतु शपथ दिलाई गई।

शासकीय ईवीपीजी कॉलेज तथा डाईट संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को 07 मई मतदान के दिन को ना भूलकर, अनिवार्य रूप से निष्पक्ष मतदान को प्राथमिकता देने तथा आस-पास के अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री बलराम कुर्रे ने उपस्थित मतदाता को बताया कि मतदान एक महादान है, हमारा एक वोट प्रत्याशी का भाग्य का बदल सकता है,प्रत्येक वोट का महत्व है, इसलिए हमें एक शिक्षित एवं जागरूक मतदाता बनकर अपना वोट देकर चुनाव आयोग के कार्य में सहभागिता देनी है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के व्याख्याता एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गौरव शर्मा ने संदेश देते हुए मतदाताओं से अपील किया कि चुनाव में एक -एक वोट महत्वपूर्ण होता है, एक वोट हमारा भाग्य बदल सकता है, इसलिये मतदान के दिन सब कार्यों में पहली प्राथमिकता मतदान को देना है एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने जाना है। महाविद्यालय के गृहविज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस अधिकारी अजय पटेल ने कहा कि हर मतदाता अपने बच्चे और परिवार के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर मतदान करें। हर एक वोट से देश की दशा और दिशा बदल सकती है इसलिए समय निकालकर मतदान के दिन अवश्य मतदान करें। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष श्री कन्हैया सिंह कँवर ने जन समुदाय से अपील किया कि मतदाता राष्ट्र का भाग्य निर्माता होते है, हमारा एक वोट सही व्यक्ति के चुनाव में महत्वपूर्ण होता है।

# आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाये होली का पर्व

**कोरिया।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा आने वाले दिनों में होली, रमजान, ईद और गुड फ्राइडे पर्व के मद्देनजर जिलेभर के सभी थाना एवं चौकी में दिनांक 21 मार्च 2024 को शांति समितियों की बैठक के लिए निर्देशित किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इन शांति समिति की बैठको का मुख्य उद्देश्य आने वाले दिनों के त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों को लेकर की गई थी। जिसमें सभी थाना के जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए गए। शान्ति समिति की इन बैठकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन



कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया है। यह भी बताया गया है कि इस दौरान दुपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बैठको में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगावें, ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुडदंग, मारपीट, गाली गलौज, शोर शराबा न करें, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, शहर/गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर (तेज आवाज निकलने वाले फ्टाके की तरह) का प्रयोग न करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाए चल रही है साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर धीमे आवाज में बजाया जाए।

शान्ति समिति की इन बैठकों में उपस्थित सम्मानीय लोगो से यह भी कहा गया कि उक्त पर्व में सभी यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षा में लगें सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें, होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करें, इलेक्ट्रिक खंबों एवं तारों का ध्यान रखें एवं एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें।

# अंधेरे में रख बिजली बिल बढ़ाने षड़यंत्र - बिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता राजेश बिस्सा ने आरोप लगाया की राज्य नियामक आयोग वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये लोगों को अंधेरे में रख बिजली बिल बढ़ाने की फिराक में है। नियामक आयोग ने टैरिफबढ़ाने हेतु औपचारिक सुनवाई कर ली है। व्यापक प्रचार प्रसार न होने के कारण सुनवाई में सिर्फ13-14 लोग ही पहुंचे पाये थे। जन सुनवाई का साधारण नियम है कि उसका औपचारिक नहीं बल्की व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिये जिससे की प्रत्येक उपभोक्ता तक यह बात पहुंच जाये। 11 और 12 मार्च को राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रदेश की तीनों प्रमुख विद्युत कंपनियों की याचिका पर जन सुनवाई थी, जिसमें वितरण कंपनियों ने 20-25त्न विद्युत दरें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। बिस्सा में कहा की नियामक आयोग द्वारा गुपचुप जन सुनवाई करना प्रदेशवासियों के साथ सरासर धोखाधड़ी है। बिजली की दरें लोक सभा चुनाव के तत्काल बाद बढ़ा दी जायेंगी इससे आम जनता, किसान, व्यापार और उद्योगों पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा और मंहगाई में बेतहाशा वृद्धि होगी।बिस्सा ने कहा की नियामक आयोग को चाहिये की वो व्यापक प्रचार प्रसार कर पुनः जन-सुनवाई करे जिससे की आम जनमानस अपना पक्ष अच्छे से रख सके। साथ ही प्रदेश में एक ही स्थान अपने कार्यालय में जन-सुनवाई न रखते हुए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई करे जिससे की प्रदेश का गरीब किसान व आम उपभोक्ता जन सुनवाई में शामिल हो सके।

### पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना : लिखित परीक्षा की प्रावीण्य सूची जारी

**बिलासपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके लिए निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा पश्चात प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन कोटा, बिल्हा, मस्तूरी एवं कोटा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

## संपादकीय

### एक देश, एक चुनाव पर काम कर गए कोविंद

रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश, एक चुनाव' पर अपनी सिफ ारिश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। पिछले साल 2 सितम्बर को पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुवाई में एक ताकतवर पैनल बनाया गया था।गृहमंत्री अमित शाह भी इसके हिस्सा थे। तभी साफहो गया था कि नरेन्द्र मोदी सरकार एक देश, एक चुनाव' पर हर हाल में आगे बढना़ चाहती है। तर्क यह है इससे साल दर साल देश के किसी न किसी हिस्से में होने वाले चुनाव, इसका बेतहाशा खर्च, आचार संहिता से प्रभावित होने वाले सरकार के अन्य नीतिगत फैसले और सुरक्षा एजेंसियों के लंबे समय तक इंगेज के नुकसान आदि से छुटकारा मिल जाएगा। बचे संसाधन एवं ताकत का इस्तेमाल विकास के कामों में किया जा सकेगा।इन तथ्यों को मानते हुए छोटे दल एक चुनाव' पर सहमत नहीं थे तो देश के संघीय ढांचे पर पडऩे वाले चोट की वजह से। उन्हें डर है कि इससे उनकी विधायी एवं संसदीय प्रतिनिधित्व का नुकसान होगा, जो अलग चुनाव में बना रहता आया है। पर यह डर फिजूल है क्योंकि 1967 से इसी व्यवस्था में छोटे दलों का कुछेक राज्यों में सत्ता थी। कोविंद की टीम ने इन मतभेदों और आलोचनाओं का बहुमत के आधार पर हल करने की कोशिश की है।फिर तो माना जाए कि इसे आसानी से लागू कर लिया जाएगा। नहीं, इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। पहले चरण में लोक सभा और सभी विधानसभा चुनाव साथ कराएं जाएंगे और इसके लिए राज्यों से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। संविधान संशोधन के दूसरे चरण में लोक सभा, विधानसभा के साथ स्थानीय निकाय चुनाव हों।



## फाल्गुनी रंगो से रंग दे

आओ फिर खेले रंगो की होली।
फाल्गुनी गुलाल से
रंग दे हमजोली,
दुनिया में अद्भुत, अतुलनीय
रंगों का त्योहार,
दुश्मनों से लगे गले
बढ़ा दे शांति और प्यार
मेरी तेरी उसकी बात नहीं
हम सबका यह प्यारा
प्यार भरा त्यौहार,
फाल्गुनी बह रही बयार
लगा दे रंग हरा नीला पीला
आपसी दुखों का करें संहार,
इन रंगों में मिला है,
हम सब का मीठा मीठा प्यार,
मदमस्त करते ढोल और नगाड़े
आओ पढें प्यार के अनंत पहाड़े,
बुराई भेदभाव आडंबर का करें अंत
होली के रंगों से बन जाए सब संत,
दुनिया का अद्भुत त्यौहार होली का
बढ़ जाए प्यार हमजोली का,
ऐसे ही फाल्गुनी रंग-बिरंगे
रंगों से लगा रहे हमारा जीवन,
होली की मस्ती रहे
प्यार रहे, मनुहार रहे
अद्भुत रंगों से बना रहे जीवन।
बड़े-बड़े जाए आपस में
शांति सौहार्द ,
आने वाला कल बन जाए नवजीवन,
जीवन में रंगों की हो भरमार,
आपको होली का ढेर सारा प्यार,
होली के रंगों की अनंत बधाइयां
बुराई के अंत की अनंत शुभकामनाएं,
आशेष होली की मंगल कामनाएं।

**- संजीव ठाकुर**



# होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



**होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।**

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत् योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये।

जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है।


होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। न्यूरोबायोलिस्ट और रिसर्चर सेमिर जैक कहते हैं, 'मस्तिष्क में प्यार और नफरत को जनरेट करने वाली वायरिंग एक ही होती है।' इस भावना की कुछ अलग तरह से व्याख्या करते हैं लेखक और समाजशास्त्री पेजिल पामरोज, 'प्रेम आत्मा के स्तर पर होता है और नफरत भावना के स्तर पर।' होली प्रेम एवं संवेदनाओं को जीवंतता देने का दुर्लभ अवसर है। यह नफरत को प्यार में बदल देता है। यह पर्व बाहरी दुनिया में मौज-मस्ती का अवसर ही नहीं देता, बल्कि भीतरी दुनिया का साक्षात्कार भी कराता है। महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान के माध्यम से विभिन्न रंगों की साधना कराते हुए आत्मा को उजालने एवं भीतरी दुनिया को उन्नत बनाने की विधि प्रदत्त की है। रोमन सम्राट व चिंतक मार्क्स ऑरेलियस ने कहा भी है, 'मन के विचारों में रंगी होती है आत्मा।' जैन दर्शन भी कहता है कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही कर्म परमाणु आत्मा से चिपक जाते हैं। आत्मा के तमाम रंगों तक पहुंचने की हमारी यात्रा मन से होकर गुजरती है। हमें अपने विचारों को सही रखना होता है। उसमें दूसरों के लिए जगह छोड़नी होती है। नकारात्मक ऊर्जा के नुकसान से बचने के लिए होली के रंगों में सराबोर होना, रंगों का ध्यान करना, अपनी पर्वमय संस्कृति से रू-ब-रू होना फायदेमंद साबित होता है।

**यह निजी विचार है।**

# होली ,अबीर, गुलाल और भाईचारे का पवित्र त्यौहार ।

**होली मूलतः रंगों का त्योहार है। होली के त्यौहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं विद्यमान हैं। मगर शास्त्रों में लिखी प्रहलाद और होलिका की कथा सर्वदा मान्य और प्रचलित है।विष्णु पुराण की कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को नहीं मानता था,और अपनी प्रजा को विष्णु जी की पूजा अर्चना करने से भी मना कर रोका करता था। पर विडंबना यह थी कि उसका अपना ही पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त तथा अनुयाई था, हिरण कश्यप को यह ज्ञात होते ही उसने प्रहलाद को अनेक कष्ट देना शुरू कर दिया।जब उसके दिए गए कष्टों से भक्त प्रहलाद को कोई कष्ट न होकर कुछ नहीं हुआ, तब उसने अपनी बहन होलिका जिसे आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था, को बुलवाया और आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बिठाल कर अग्नि में बैठ जाए, और अपने भाई की आज्ञा का पालन करते हुए होली का ने प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठ गई। ईश्वर विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ और होलीका दग्ध अग्नि में जलकर भस्म हो गई। प्रहलाद बच गए, और भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध करके प्रह्लाद को उसके पिता द्वारा दी गई यातनाएं से मुक्ति दिलाई। इस तरह आमजन इस घटना को याद करके होलिका दहन करके दूसरे दिन अबीर गुलाल तथा रंगों से होली खेलते हैं। होली का बहुत बड़ा वर्णन साहित्य में भी किया गया है कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी कहा**

**卐नयनों के डोरे लाल गुलाब भरे, खेली होली रे卐**



होली का त्यौहार राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी संबंधित है ।यही कारण है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा था वृंदावन में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। होली तो वैसे ही वैश्विक स्तर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि भरत वंशी विदेशों में जिस जिस जगह निवास करते हैं, वह होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भारत में अनेक राज्य होने से अलग-अलग क्षेत्र के लोग अलग अलग नाम से होली का त्यौहार मनाते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे होली का उत्सव के रूप में मनाया जाता है, पंजाब में इसे ÷होला मोहल्ला÷कहा जाता है, तमिलनाडु में इसे ÷कॉमन पोडगई÷कहां जाता है महाराष्ट्र में रंग पंचमी नाम देखकर दो-तीन दिन तक मनाया जाता है। देश में होली किसी भी नाम से मनाई जाए पर होली में रंग गुलाल और अबीर से ही होली का आनंद उत्सव मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ आपस में भाईचारे का त्यौहार भी है। आज के दिन दुश्मन भी गले लग कर एक दूसरे से रंग गुलाल तथा मिठाई खिलाकर अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं, और क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अतः होली के त्यौहार को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई ईसे समान रूप से मना कर प्रसन्न होते हैं, यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। पर कुछ लोग होली में भांग तथा शराब का नशा करके माहौल को जरूर खराब करके बिगाड़ कर ईसे बदनाम करने की कोशिश करते हैं,एवं रंगों में रसायनिक पदार्थ का इस्तेमाल कर त्वचा को हानि पहुंचाते हैं,जोकि इस त्यौहार की पवित्रता को भंग करते हैं। ऐसा होना नहीं चाहिए इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। वैसे होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी है, होली की शुभकामनाओं के साथ।

**संजीव ठाकुर,स्वतंत्र लेखक यह निजी विचार है।**

## सीएए : पीड़ितों को मिलेगी नागरिकता

**प्रमोद भार्गव** - आखिरकार, लंबी चली जद्दोजेहद के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के नियम अधिसूचित कर दिए हैं। लोक सभा चुनाव के ठीक पहले इस कानून को अमल में लाना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा सकता है।कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस कानून का इसलिए दुष्प्रचार करते रहे हैं कि इससे मुसलमानों की नागरिकता संकट में पड़ जाएगी जबकि इसमें देश के किसी भी धर्म से जुड़े नागरिक की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। हां, घुसपैठियों को जरूर नागरिकता सिद्ध नहीं होने पर बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।संसद और उसके बाहर ऐसे अनेक बौद्धिक आलोचक थे, जो प्रमाणित करने में लगे थे कि यह कानून आइडिया ऑफ इंडिया' अर्थात संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है लेकिन यह संदेह जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370 और 35-ए की तरह ही संवैधानिक है। इस कानून का मुख्य लक्ष्य धार्मिक आधार पर प्रताड़ितों, हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई, जिन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से पलायन को मजबूर होना पड़ा है, को भारत में नागरिकता प्रदान करना है।पहले भी इन तीनों देशों के मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दी जा चुकी है। जाहिर है कि यह कानून किसी धर्म या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव से नहीं जुड़ा है। साफहै, यह कानून किसी की नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है। यह विधेयक मूल रूप में 1955 के नागरिकता विधेयक में ही कुछ परिवर्तन करके अस्तित्व में लाया गया है। 1955 में यह कानून देश में दुखद विभाजन के कारण बनाया गया था। इस समय बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मो के लोग पाकिस्तान से भारत आए थे। इनमें हिन्दू, सिख. जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई थे।आजादी के बाद भारत ने धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश बनने का निर्णय लिया लेकिन पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक राष्ट्र घोषित कर दिया। पाक के संस्थापक एवं बंटवारे के दोषी मोहम्मद अली जिन्ना के प्रजातांत्रिक सिद्धांत तत्काल नेस्तनाबूद कर दिए गए। 1948 में जिन्ना की मौत के बाद पाकिस्तान पूरी तरह कट्टर मुस्लिम राष्ट्र में बदलता चला गया। नतीजतन, जो भी गैर-मुस्लिम समुदाय थे, उन्हें प्रताड़ित करने के साथ उनकी स्त्रियों के साथ दुराचार और धर्म परिवर्तन का सिलसिला तेज हो गया। ऐसे में ये पलायन कर भारत आने लगे। दरअसल, इन गैर-मुस्लिमों का भारत के अलावा कोई दूसरा ठिकाना इसलिए भी नहीं था कि पड़ोसी अफगानिस्तान भी कट्टर इस्लामिक देश बन गया था। 1955 तक करीब 45 लाख हिन्दू और सिख भागकर भारत आ गए थे। इनके दृष्टिगत नागरिकता निर्धारण विधेयक, 1955 बनाया गया था।1971 में जब पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश बना तो इस दौरान हिन्दू समेत अन्य गैर-मुस्लिमों पर विकट अत्याचार हुए। फलतः इनके पलायन और धर्मस्थलों को तोडऩे का सिलसिला और तेज हो गया। बड़ी संख्या में हिन्दुओं के साथ बांग्लादेशी एवं पाकिस्तानी मुस्लिम भी बेहतर भविष्य के लिए भारत चले आए जबकि वे धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं थे। ये घुसपैठिए बनाम शरणार्थी पूर्वोत्तर के सातों राज्यों समेत प. बंगाल में भी घुसे चले आए। इनकी संख्या तीन करोड़ तक बताई जाती है। शरणार्थियों की तो सूची है, लेकिन घुसपैठिए अनुमान के आधार पर ही हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों की सूची मात्र 1 लाख 16 हजार लोगों की है, बाकी घुसपैठिए हैं। इन घुसपैठियों और शरणार्थियों की सही पहचान करने की दृष्टि से ही नागरिकता संशोधन विधेयक लाया गया है।छब्बीस सितम्बर, 1947 को एक प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी ने कहा था, पाकिस्तान में जो हिन्दू एवं सिख प्रताड़ित किए जा रहे हैं, उनकी मदद हम करेंगे।'

## खास खबर

### महिला स्व-सहायता समूह कलेक्टरेट में हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए लगाया स्टॉल



**बेमेतरा।** छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महिदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए आज जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने महिला समूह की ओर से लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा किये जा रहे उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने अपने साथ साथ उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के लिए हर्बल गुलाल खरीदे। महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किए गए हैं साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल, हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं। उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया की आज सुबह से ही हर्बल गुलाल की लगातार बिक्री हो रही इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी गुडडू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित कलेक्टरेट के कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिशुवती-गर्भवती महिलाएं वोटिंग के लिए बिना लाइन में लगे कर सकेंगी प्रवेश

**गरियाबंद।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां शुरू हो चुकी है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मतदान पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सभी सुविधाएं विकसित करने को कहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य स्थितियों से निपटने के लिए जरूरी दवाइयों से युक्त मेडिकल किट बनाकर सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध करवाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस में शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं को बिना लाइन में लगे मतदान करने की सुविधा मिलेगी। जिससे उनको मतदान करने में सहूलियत होगी। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# लो.स. चुनाव महत्वपूर्ण, जनता के बीच जा रचेंगे नया इतिहास

रायपुर। कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, की उपस्थिति में रायपुर लोकसभा का कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सह प्रभारी विजय जांगिड, राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय उपस्थित थे।




प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ ही नहीं है महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याये तो मुद्दा है ही साथ ही यह लड़ाई देश को बचाने की है। आज देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर खतरा है। यह चुनाव साधारण नहीं है। निर्वाचित सरकारों के मुख्यमंत्रियों को आचार संहिता लगने के बाद गिरफ्तार किया जा रहा। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये उसके बैंक के खातों को सीज कर दिया गया है। जहां पर हमारा भाजपा के सीधा मुकाबला है। वहां पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का दायित्व और बढ़ जाता है। यह डबल इंजन के सरकार की बात करते है। मणिपुर जल रहा वहां डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री नहीं जाते क्यों कि वहां लोकसभा की ज्यादा सीटों नहीं है। वहां मां, बहनों की इज्जत लूटी जा रही। डबल इंजन की सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार युवा है। एनएसयूआई से लेकर विधायक तक में उन्होंने आपके साथ संघर्ष किया है। उनको रायपुर से सांसद बनाकर भेजना हर कांग्रेस के कार्यकर्ता का दायित्व है। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर में विकास उपाध्याय जैसे कर्मठ युवा को उम्मीदवार बनाया है। हम सब मोदी के कुशासन वादाखिलाफी को लेकर जनता के बीच जायेंगे तथा हमारी पार्टी ने जो हर वर्ग के लिये वादा किया है। उसको भी जनता तक पहुंचाना है। रायपुर में हम नया इतिहास लिखेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। रायपुर में नया इतिहास लिखना है। अन्य लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार का चुनाव इसलिये ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चुनाव देश को आपकी स्वतंत्रता को बचाने के लिये फैसला करेगा। जिस प्रकार वर्तमान सरकार में बैठे हुये लोग लोकतंत्र का दमन कर रहे। ऐसे में देश को बचाने के लिये कांग्रेस का जितना जरूरी है। यह लड़ाई भारत के आम लोगो की लड़ाई है।

रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा कि पार्टी ने मुझे नहीं हर कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया है। मेरी ताकत आप आप सब है। मेरे लिये कांग्रेस का टिकट मिलना गर्व की बात है। आप सबके सहयोग से इस बार कांग्रेस रायपुर लोकसभा जीतेगी। पार्टी का हर आदेश मेरे लिये सम्मान की बात है। मैं आपका भाई, बेटा हूं सदा वहीं रहूंगा।

## वेदांता कंपनी जैव विविधता को बढ़ाने करेगी प्रयास

कोरबा। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अपने प्रचालन क्षेत्रों के भीतर व आसपास पर्यावरण संरक्षण हेतु कंपनी के प्रयासों की घोषणा की। जैव विविधता को संरक्षित व प्रोत्साहित करने की रणनीति हेतु कंपनी समर्पित है।

कंपनी ने रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत अपने पांच ऐश डाइक पर वनीकरण का काम सफलतापूर्वक पूरा किया है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड कंपनी (बालको) के ये ऐश डाइक्स अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच जाने के कारण बंद हो चुके थे। 150 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के इलाके में लगभग 2 लाख पौधे लगाए गए हैं। इस पहल के तहत ऐसी जमीन में जहां पहले जंगल न रहा हो उसमें भी सतत सुधार की गुंजाइश को अपनाया जा सकता है।

फ्लाई ऐश एक हाई-वॉल्यूम, लो-इफेक्ट बायप्रोडक्ट होता है जो थर्मल पावर के उत्पादन में निकलता है। फ्लाई ऐश का इस्तेमाल सर्कुलर इकॉनॉमी में होता है नतीजतन ऐश स्टोरेज एरिया का वनीकरण किया जा सकता है। रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत ऐश डाइक्स को कई अवस्थाओं से गुजरना होता है जिनमें मिट्टी का आवरण, स्थिरीकरण, वन पारिस्थितिकी विकसित करने के लिए लैंडस्केपिंग, मूल वृक्ष प्रजातियों का रोपण व निरंतर निगरानी शामिल होते हैं। इन कोशिशों के फलस्वरूप यह इलाका कई स्थानीय पेड़-पौधों की किस्मों जैसे करंज, शीशम, नीम, अमसोल व गुलमोहर वृक्षों का घर बन गया है। कंपनी द्वारा लगाए गए इन पेड़ों की बदौलत यहां जैव विविधता फल-फूल रही है।ओडिशा के झारसुगुड़ा मे कंपनी का मेगा एल्यूमिनियम प्लांट है। वेदांता एल्यूमिनियम ने जिले में अतिसंवेदनशील वृक्ष प्रजातियों जैसे क्लोरोक्सिलॉन स्विटेनिया का रोपण किया है।

इसके अलावा जामखानी कोयला खदानों (सुदंरगढ़, ओडिशा) के करीब पहली बार अनूठी मियावाकी पद्धति के जरिए गहन वनीकरण शुरु किया गया है। फलस्वरूप यहां 8000 से अधिक वृक्षों का आत्मनिर्भर समूह पनपेगा। इनमें अनेक फलदार प्रजातियां होंगी। विभिन्न पहले के माध्यम से कंपनी सतत विकास लक्ष्य 13-क्लाईमेट एक्शन और 15-लाईफ ऑन लैंड की प्राप्ति हेतु काम कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम ने पारिस्थितिक प्रयासों को तेज करने के लिए अपने सभी प्रचालनों में व्यापक जैव विविधता प्रबंधन योजना (बीएमपी) को लागू किया है।

## ईडीसी एवं डाक मतपत्र से मतदान करने दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दिलाने हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अपर कलेक्टर दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज, गौतम कुमार, सभी एआरओ, पुलिस विभाग, डाक विभाग, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में बताया गया कि अनिवार्य सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक-मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानो को मिलती थी। साथ ही बिजली-पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर ऐसे कर्मचारी जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12-डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी/बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाकमत पत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। बताया गया कि प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी भी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक कमलेश यादव, सदस्य रंजन प्रसाद, दिनेश राज, राजेश कुमार, श्री अब्दुल असलम आदि उपस्थित थे।

## 1 जुलाई से ऑनलाइन स्वीकृत होंगे बिल, वित्त सचिव ने तैयारियों का लिया जायजा

**रायपुर।** राज्य के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के अलावा अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाईन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी। वहीं बिलों की स्वीकृति का काम भी पारदर्शी ढंग से होगा।



राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के उपरांत कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी और न ही बीटीआर प्रस्तुत करना होगा। वहीं पेपर लेस प्रक्रिया से पर्यावरण भी संरक्षित होगा।


संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपत्ति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बिलों की स्वीकृति और आपत्तियों का निराकरण अपने कार्यालय से ही कर सकेंगे। सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाईन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखागार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है।

बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भी महालेखाकार को भेजा जाने वाले सभी प्रतिवेदन ऑनलाईन भेजे जाएंगे, इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने आज इंद्रावती भवन स्थित कोष एवं लेखा संचालनालय में ई-कोष साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कोषालय में बिल पासिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। कुमार ने संचालक, कोष एवं लेखा को कोषालयों में पेपर लेस कार्य एक जुलाई 2024 से प्रारंभ किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में पीएचडी में प्रवेश 02 चरणों में होगा

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा दिसंबर 2023 में आयोजित पीएचडी प्रवेष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीद्वार तथा नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीद्वारों के विभिन्न शोधकेन्द्रों में पीएचडी हेतु प्रत्येक शोध केन्द्र में दिनांक 22 मार्च से 05 अप्रैल तक आयोजित होने वाली रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक अगामी आदेश तक स्थगित करने संबधी सूचना क्रमांक 2846/शोध/2024 विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 21.03.2024 को जारी की गई थी।




यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि इस स्थगन सूचना को विष्वविद्यालय में आयोजित बैठक में संषोधित करने का निर्णय लिया गया।

डॉ. लाल ने बताया कि विष्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेष प्रक्रिया को अगामी आदेष तक स्थगित किये जाने के संबंध में शोधार्थियों तथा शोध निर्देषकों के प्रतिनिधि मंडल ने विष्वविद्यालय प्रषासन से भेंट कर यह निवेदन किया कि कुछ शोध निर्देषकों की सेवा निवृत्ति की आयु की तिथि में तीन वर्ष शेष बचने की अवधि निकट है तथा यूजीसी के नियमानुसार वें शोध निर्देषक के रूप में नये शोधार्थियों का पंजीयन नहीं करा सकेंगे।

इसी प्रकार जे.आर.एफ छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले शोधार्थियों की उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात् 02 वर्ष की अवधि भी समाप्त हो रही है। इसी कारण यें छात्र जे.आर.एफ छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे। उक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए विष्वविद्यालय की माननीय कुलपति ने अधिकारियों की बैठक में छात्रहित में यह निर्णय लिया कि विष्वविद्यालय द्वारा 14 मार्च 2024 को जारी सूचना के अनुसार प्रत्येक शोधकेन्द्र में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक द्वारा 22 मार्च से 05 अप्रैल के मध्य प्रवेष प्रक्रिया संपादित की जा सकती है।

तथा जो शोधार्थी लोकसभा चुनाव अथवा अन्य कारणों से उक्त अवधि में पीएचडी में प्रवेष नहीं ले पायेंगे उनके लिए शोधकेन्द्र में आर.ए.सी. की बैठक चुनाव आचार सहिता समाप्ति के पश्चात् पुनः आयोजित होंगी जिसकी सूचना विष्वविद्यालय द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।

## कलेक्टर और एसपी लगातार कर रहे हैं मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहें हैं। आज शासकीय प्राथमिक शाला दोंदेकला, शासकीय प्राथमिक शाला धनेली, शासकीय प्राथमिक शाला बड़ौदा के मतदान केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 7 मई को बेहद गर्मी और उच्च तापमान रहेगी उसको ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी की व्यवस्था रहे। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए



पृथक शौचालय कक्ष हो। कलेक्टर और एसएसपी सभी कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में दो दरवाजे हो जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सके। एसएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रखें। आवश्यकता पड़ने पर बैरिकेट्स की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) नंदकुमार चौबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। उक्त प्रयोगशाला जो कि 11 पैरामीटर में एनएबीएल सत्यापित है। कलेक्टर पाण्डेय ने समस्त टेस्टिंग के पैरामीटर के विषय में जानकारी लेकर स्वयं की उपस्थिति में पीएच वैल्यू का परीक्षण कराया पैरामीटर का लैब कर्मचारियों की ओर से जल परीक्षण करके दिखाया गया। कलेक्टर ने परीक्षण रिर्पोट, परीक्षण शुल्क की पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान केमिस्टसपना मंडल, अजय कुमार देशमुख कोऑर्डिनेटर वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# अनुज ने गाया फाग, तो विष्णुदेव ने बजाय नगाड़ा...

## प्रेस क्लब के होली मिलन में सीएम साय ने जमाया रंग

रायपुर संवाददाता।



रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में इस बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे। होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस मौक़े पर उन्होंने सभी को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी और कहा, रायपुर प्रेस क्लब की नयी युवा टीम के इस आयोजन को मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा, क्योंकि 60 साल के अपने जीवन में मेरे लिये होली का ऐसा अनुभव बेहद ख़ास है।

होली के मौक़े पर रायपुर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को टोपी के साथ सब्ज़ियों की माला पहनाई और कटहल भेंट किया। विधायक अनुज शर्मा के फग की धुन में मुख्यमंत्री भी रम गए और नंगाड़े पर हाथ आज़माया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, बीजेपी मीडिया सेल के अध्यक्ष अमित चिमनानी, कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक समेत बीजेपी-कांग्रेस के प्रवक्तागण और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। होली मिलन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों ने आयोजन की सराहना की और याद किया कि काफी सालों पहले ऐसी होली रायपुर प्रेस क्लब में हुआ करती थी। नई युवा और रचनात्मक टीम के आने के बाद फिर वो गरिमामय दौर लौट आया है। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'सेन्सलेस टाइम्स' का विमोचन किया गया, जिसे उल्टी खोपड़ी के नाम से मशहूर पत्रकार सुधीर आज़ाद तम्बोली और उनकी टीम ने तैयार किया है, जिसमें अरविंद सोनवानी, गंगेश द्विवेदी, पीसी रथ, अजीत शर्मा, मृगेंद्र पांडेय, प्रमोद साहू, दानिश अनवर, रेणु तिवारी और सागर फ़रिकार शामिल हैं। रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार शामिल हुए। डायरेक्टर सतीश जैन व मनोज वर्मा ने होली की बधाई दी तो लोकगायक सुनील सोनी ने अपनी आवाज के जादू से माहौल रंगीन कर दिया। लोकगायक अनुराग शर्मा ने अपने गीतों से होली का उत्साह दोगुना किया तो पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का परिचय दिया। लोकगायिका भूमिका साहू, दीपिका-दीक्षा धनगर और मिथलेश्वरी सेन ने रायपुर प्रेस क्लब की होली में रंग जमाया। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी के साथ मिलकर होली के आयोजन में सभी का स्वागत किया और रंगों के उत्सव की बधाई दी, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडेय ने व्यंग्य बाण दागे। इस दौरान उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी व अरविंद सोनवानी ने भी अतिथियों का स्वागत किया।

## खास खबर...

### केजरीवाल की गिरफ्तारी से राजधानी रायपुर में विरोध प्रदर्शन

**रायपुर।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ में भी सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ हमला बोला। केजरीवाल को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।




आम आदमी पार्टी (आप) की छत्तीसगढ़ इकाई ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पार्टी के लगभग 100 नेता और कार्यकर्ता पार्टी के झंडे और राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहर के आंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई की सचिव प्रियंका शुक्ला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा, ''वे 'एक राष्ट्र, एक पार्टी' चाहते हैं। वह एक तानाशाह की तरह सरकार चलाना चाहते हैं जिसमें वे सब कुछ नियंत्रित कर सकें।'' शुक्ला ने कहा, ''केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार दिल्ली के लोगों के जनादेश के साथ पूर्ण बहुमत के साथ तीन बार चुनी गई। उनकी गिरफ्तारी न केवल केजरीवाल पर हमला है बल्कि यह दिल्ली के लोगों, एक विचारधारा और लोकतंत्र पर हमला है।''

धरना स्थल पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जब पुलिस कर्मियों ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए जारी आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन नहीं करने के लिए कहा तब प्रदर्शनकारियों ने वहां से जाना शुरू कर दिया। कांग्रेस के नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया है।

### पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर इस बार प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी किए गए हैं। मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक और नाम के साथ ही वर्गवार और उपवर्गवार कटऑफ नंबर भी घोषित किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु कुल 3597 अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 17 सेवाओं हेतु कुल 242 पद विज्ञापित की गए थे। इसके लिए 1 लाख 58 हजार 211 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए थे।

# प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

## राष्ट्र सेवा संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है भाजपा-नितिन



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को भाजपा प्रदेश सह प्रभारी एवं बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, भरत लाल वर्मा , भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रितेश गांधी के उपस्थिति में धमतरी के पूर्व विधायक के पुत्र सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा प्रवेशित लोगों को पार्टी का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया।

### कांग्रेस डूबती नाव अब लोग जान बचाकर भाग रहे है : अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसी मीडिया की खबर पर नजर डालें यही वातावरण दिखता है कि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला चल पड़ा है। इस बात को समझने की आवश्यकता है आखिर यह सिलसिला क्यों चल रहा है? विपक्षी अलग-अलग प्रकार की बाते बोलते हैं पर वास्तविकता यह है कि पिछले 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा जो बदली है यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से हुआ है।

छत्तीसगढ़ भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार तीन विषयो को आधार मानकर काम करती है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना, देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना,देश का परचम ,विश्व भर में लहराना। आज हर कोई मोदी का सिपाही बनना चाहता है आप सभी का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है।

इस दौरान 2 बार के पूर्व विधायक केसरीमल के पुत्र व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कुमार लुंकड़, ,धमतरी के रोटरी क्लब अध्यक्ष अजय गोयल, रजत कुमार लुंकड़, प्रदीप अग्रवाल, सलद अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रोटरी का धमतरी, अमित महावर, सत्येंद्र शर्मा, रवि दोषांत, अजीत खंडेलवाल, अभिषेक गोयल, मनोज कोठारी, हर्षित गांधी, अविनाश यादव, देवेश पवार, पुरुषोत्तम यादव, विनय साहू, कृष्ण कुमार यादव, पुरुषोत्तम सिंह, कमल साहू, आकाश शर्मा, भागवत प्रसाद धृतलहरे सेवा निवृत्त कार्यपालन अभियंता, खेमलाल सोनवानी, उत्तम कुमार टोडर, हेमचंद सोनवानी, बालकृष्ण मारकंडे, राजकुमार सोनवानी, विजय कुमार टोडर, अरुण कुमार धृतलहरे, विष्णु मारकंडे, संजुक भारती, चंद्र प्रकाश जोशी, बल्ला भारती, मोहित सोनवानी, सुमित कुमार टोडर, गैंदलाल टोडर, चंद्र दत्त जोशी, करण धृतलहरे, किरण बारले, दिलीप कुमार टोडर, योगेश्वर टोडर, आदित्य कुमार, राकेश गायकवाड, जितेंद्र कुमार, श्रीमती कामिनी गेन्दरे, लालपुर वार्ड क्रमांक 55 मितानिन महिला समिति से मितानिन मीना साहू, सती साहू, कांति साहू, प्रमिला, कौशल्या, उर्मिला तिवारी, गीता यादव, घसनीन, कावेरी, प्रेमवती पांडे, मनीषा, मितानिन ममता साहू, प्रेमलता, पूर्णिमा, हेमलता, गौरी, मोहनी, रेखा, दुर्गा, लक्ष्मी, होम बाई, गायत्री, मितानिन कुमारी धीवर, चंद्र किरण साहू, फुलेश्वरी साहू, उर्वशी साहू, धनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, भारतलीन साहू, दुश्मत साहू, सुमित्रा साहू, पार्वती साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# नदारद अधिकारी व कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने का आदेश



### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित समाज कल्याण और उपसंचालक कार्यालय मत्स्य पालन का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में समाज कल्याण कार्यालय एवं उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन, तेलीबांधा का औचक निरीक्षण किया। कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का असाधारण अवकाश घोषित करते हुए वेतन काटने का निर्देश दिया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज सुबह 10:25 बजे उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन और 10:40 बजे सयुक्त समाज कल्याण कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी देखी। वहां कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर उपस्थिति पंजी अपने साथ ले आएं। साथ ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समाज कल्याण और उप संचालक मत्स्य पालन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरा मत्स्य पालन विभाग के कुल 7 कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के कुल 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए और एक दिन की असाधारण अवकाश घोषित करते हुए उनके एक दिन का वेतन काटने के लिए वित्त शाखा को निर्देश दिया।

### बसपा ने दो प्रत्याशी के नाम किए घोषित

**रायपुर।** बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित कुमार डहरिया एवं बस्तर से आयतुराम मंडावी का नाम घोषित किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में अन्य सीटों पर पार्टी अध्यक्ष के निर्देशानुसार जल्द नाम घोषित किये जाएंगे। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## मुख्यमंत्री हो या कोई और, कानून सभी के लिए समान है : विजय

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले गृहमंत्री शर्मा



**रायपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। उनकी गिरफ्तारी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, दिल्ली की तरह प्रदेश में भी शराब घोटाले पर एफआईआर हुई है। उसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कई अन्य लोगों के नाम हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही होगी। कानून सबके लिए समान है, चाहे वह मुख्यमंत्री हो या कोई भी हो। मछली हो या मगरमच्छ सब पर कार्रवाई होगी। छत्तीसगढ़ में जो घोटाला हुआ है उसको बच्चा-बच्चा जानता है और प्रदेश में शराब घोटाले में कार्यवाही चल रही है। छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट गया है। इसलिए जो आवश्यक कार्रवाई है वो की जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट द्वारा बैठकें लेने पर कहा कि, सचिन पायलेट चुनाव लड़ने से पीछे क्यों हट रहे पहले वो बताएं।

### भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं : अरुण

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, आईएनडीआई गठबंधन को देश भ्रष्टाचारियों का एकत्रीकरण मानता है। भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं और जो लोग जेल में हैं उनकी जमानत नहीं हो रही है। यही लोग कभी ईमानदारी के ठेकेदार बनते थे। एजेंसियां साक्ष्य के आधार पर काम कर रही है और जो जैसा करेगा वैसा भरेगा यह साफदिखाई दे रहा है।

## घोटाला करने वालों को सजा जरूर मिलेगी : ओपी चौधरी

### आबकारी घोटाला मामले में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान



**रायपुर।** आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली समेत पूरे देश में सियासी हलचल तेज हो गई है। एक तरफ जहां आप और विपक्ष के लोग सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं, तो वहीं भाजपा के लोग इस कार्रवाई को सहीं बता रहे हैं। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में हुई कार्रवाई अब छत्तीसगढ़ तक पहुंच गई है। आबकारी घोटाला मामले में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। इस शराब घोटाले को तत्कालीन सीएम की शह मिली थी। शराब घोटाले के पैसे से तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुर्सी बची रही। भूपेश बघेल ढाई साल के बाद भी सीएम के पद पर बने रहे। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि, उन्होंने शराब घोटाले का पैसा गांधी परिवार को पहुंचाया। मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि, प्रदेश में शराब घोटाला करने वालों को सजा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, महादेव ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर हुई है और ईडी न्यायिक प्रक्रिया के तहत काम कर रही है।

# महंगा हुआ सोना और चांदी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के लगते ही सराफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्राहकी नहीं होने के कारण कारोबारी गतिविधियां भी एक तिहाई रह गई है। राजधानी रायपुर में जहां सामान्य दिनों में 20 करोड़ का कारोबार होता है वह अब 5 करोड़ रह गया है। वहीं प्रदेश की बात करें तो सामान्य दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा और इस समय करीब 10 करोड़ कारोबार हो रहा है।

सराफा कारोबारियों का कहना है इसकी मुख्य वजह खरीदारों द्वारा बड़े रकम का ट्रांजेक्शन और नकदी लेकर बाहर निकलने से परहेज करना है। पुलिस और फ्लाइंग स्क्वायड की चेकिंग के चलते 50, 000 रुपए से ज्यादा कैश लेकर निकलने से डर रहे। उन्हें आशंका है कि पकड़े जाने पर रकम का हिसाब देना पड़ेगा। इसके नहीं दे पाने पर रकम जब्त हो सकती है। साथ ही परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। बता दें कि इस समय ब्लैकमनी और तस्करी रोकने के लिए शहर के चौक-चौराहों से लेकर आउटर के इलाकों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जहां वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच की जा रही है।

इस समय सोना प्रति तोला (10ग्राम) की कीमत करीब 70 हजार रुपए है। जीएसटी सहित 3 ग्राम सोना का ज्वेलरी खरीदी करने वाले को 2 लाख 10 हजार रुपए देना पड़ेगा। इसका भुगतान नकद या फिर ऑनलाइन करना पड़ेगा। यूपीआई से एक दिन में 99,000 तक की सुविधा बैंकों द्वारा दी गई है। वहीं दुकानदार द्वारा यूपीआई से 1 लाख 90 हजार तक दुकानदार द्वारा भुगतान लिया जाना है।

## जुर्माने की बजाय वाहन चलाकों को सिखाया जा रहा यातायात नियम, पास होने पर नहीं कटेगा चालान

# वाहन चालक यातायात नियमों का कर रहे उल्लंघन

**रायपुर।** यातायात पुलिस रायपुर द्वारा राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने तथा लोगों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता लाने हेतु एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा एक नई पहल शुरू किया गया है। जिसके तहत उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी एवं पालन के प्रति जागरूकता लाने चौक पर ही यातायात की पाठशाला आयोजित की जा रही है। जिसके तहत यातायात रायपुर के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा चौक-चौराहों में यातायात की पाठशाला आयोजित कर उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी तथा पालन करने हेतु प्रशिक्षण देने का काम कर रहें है, साथ ही यातायात संकल्प पत्र भराकर भविष्य में दोबारा उल्लंघन नही करने की शपथ दिलाई जा रही है।

पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के उल्लंघनकर्ताओ पर सख्ती और जुर्माने कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जागरूकता सहित कई प्रकार से प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में यातायात नियमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए नया तरीका निकाला गया है। जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह द्वारा उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के लिए चौक पर ही यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित करने के निर्देश किया गया हैं। जिसके तहत आज शहर के शास्त्री चौंक, मरीन ड्राइव एवं रेलवे स्टेशन चौंक में यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा शास्त्री चौंक में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और उपस्थित उल्लंघनकर्ता चालकों से अपील की गई कि वे नियमों का पालन कर



जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। साथ ही संकल्प ले कि भविष्य में सभी यातायात नियम का पालन करेंगे। इसी क्रम में शहर के तेलीबांधा तालाब के पास अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा द्वारा एवं रेलवे स्टेशन परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल रायपुर डॉ अनुराग झॉ द्वारा यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी साथ ही भविष्य में नियमों का पालन कर वाहन चलाने यातायात संकल्प पत्र भराया गया। यातायात की पाठशाला कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख उद्येश्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को स्पॉट पर ही रोककर यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाना है। उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में क्लास लगाकर विस्तार पूर्वक जानकारी देंगे। उसके बाद उनसे प्रश्न पूछा जायेगा और जो लोग सही जवाब देंगे उन्हें बिना जुर्माना किये जाने दिया जाएगा। जो फेल होगें उनको पुन: क्लास करना होगा। साथ ही भविष्य में नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु संकल्प पत्र भरवाया जाएगा ताकि शहर की यातायात सुव्यवस्थित एवम् सुरक्षित तरीके से संचालित हो सके। शास्त्री चौक पर मीडिया के साथियों से बात करते हुए एसएसपी रायपुर ने बताया कि रायपुर में यातायात पुलिस अब लगातार चौक-चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाएगी। इसमें सड़क पर उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक्र क्लास लगाई जायेगी और उन्हे यातायात नियमों और उनका उल्लंघन करने पर कार्यवाही के बारे में जागरूक किया जायेगा तथा उनसे संकल्प पत्र लिया जाएगा।

## खास खबर

### देवर-भाभी ने एक फंदे पर फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा।** जिले के पसान थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरा के आश्रित मोहल्ला उदरदा देवर-भाभी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गांव से महज कुछ दूरी पर दोनों के शव पेड़ पर एक ही फंदे से लटके मिले। पुलिस और परिजन प्रेम-प्रसंग की आशंका जता रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राम पंचायत बैरा के ग्रामीण खेत में काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गांव से कुछ ही दूरी पर एक महिला व एक पुरूष की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई देखी। मृतकों की पहचान गांव के ही उमेंद्र गोंड (27) और कलावती (34) के रूप में की गई। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव नीचे उतरवाकर का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया। बताया जा रहा है कि दोनों शादीशुदा है। उमेंद्र मृतका कलावती का चचेरा देवर था तथा उसके तीन बच्चे है साथ ही कलावती के भी तीन बच्चे हैं। मृतका कलावती का पति रोजी मजदूरी और खेती किसानी का काम करता है। गुरूवार की सुबह जब वो उठा और पत्नी नहीं दिखी, तो सोचा कि कहीं गई होगी। लेकिन कुछ देर बाद उसे सूचना मिली कि पत्नी और भाई ने फांसी लगा ली है। मामले में परिजनों ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### 29 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 29 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नरैय्या तालाब सुलभ के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग का प्लास्टिक की बोरी में शराब बिक्री करने के लिये ग्राहक की तलाश में जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया ,जो पुलिस को देखकर छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। टीम के सदस्यो के द्वारा पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गोपी सागर पिता विक्रम सागर उम्र 24 साल निवासी नेहरू नगर उत्कल सामुदायिक भवन के पास थाना सिटी कोतवाली रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें प्लास्टिक बोरी का तलाशी लेने पर बोरी में 29 पौवा बेस्टो अंग्रेजी शराब रखा मिला। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 29 पौवा बेस्टो अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर ब किया गया।

# चक्काजामः हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा

## अवंतिबाई चौक पर लगी लोगों की भीड़, मृतक मणिराम के परिजनों ने मांगी नौकरी और मुआवजा

**भिलाई।** बुधवार की रात को सुपेला गदा चौक से कोहका के बीच हुए हादसे में मृत मणिराम के परिवार को न्याय दिलाने लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुरुवार दोपहर को मृतक के परिजनों व लोगों ने मिलकर अंवतिबाई चौक पर चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनों के समर्थन में लोगों ने की मांग थी कि उनके परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी दी जाए और परिवार को आर्थिक मदद के लिए 10 लाख का मुआवजा दिया जाए।

बता दें बुधवार रात 10 से 11 बजे के बीच गदा चौक सुपेला से कोहका की ओर स्कूटी में जा रहे मणिराम को सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। इस हादसे में मणिराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी सवार रूप राम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। मृतक मणिराम टेंट का सामान पहुंचाने कोहका जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। मणिराम के



परिवार में चार बेटियां व एक बेटा है और इनके मृत होने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। वहीं इस हादसे के बाद गुरुवार को अवंतिबाई चौक कोहका में लोगों ने चक्काजाम कर दिया।

### आरोपी को कड़ी सजा और परिजनों के लिए मुआवजे की मांग

चक्काजाम के दौरान लोगों का आक्रोश



इतना था कि पूरी सड़क को महिलाओं ने श्रृंखलाबद्ध होकर घेर लिया। वहीं बीच सड़क पर परिजनों के साथ लोग नारेबाजी करने लगे। मृतक की बेटियों का कहना था कि उनके सिर से पिता का साया छिन गया और उन पर आर्थिक संकट भी आ गया है। पिता की मौत के जिम्मेदार पिकअप चालक को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग के साथ ही इन लोगों ने उचित मुआवजा व परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मौके पर मौजूद भीड़ ने भी इनकी मांगों का समर्थन किया। लोग जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता तब तक चक्काजाम नहीं खालने की जिद पर अड़े रहे।

### 25000 रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी

चक्काजाम की सूचना के बाद पुलिस के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। लोगों को काफी समझाइश दी गई लेकिन को कोई हटने को तैयार नहीं था। मौके पर पहुंची एसडीएम लोकेश ध्रुव ने तात्कालिक सहायता के तौर पर 25000 रुपए दिए। इसके साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को संविदा पर दैनिक वेतनभोगी के रूप में नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे का भी आश्वसन दिया। एसडीएम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया। इस दौरान लगभग तीन घंटों तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

# दो महिला अधिकारियों के बीच तू-तू-मैं-मैं

## लोकसभा चुनाव में चेक पोस्ट नहीं बनाने पर शोकॉज नोटिस

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दो महिला अफसरों के बीच जुबानी जंग हो गई। दरअसल, कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव के लिए अफसरों को जिम्मेदारियां दी है। तखतपुर एसडीएम ज्योति पटेल ने पीडब्यूडी के एसडीओ प्रियंका मेहता को चेक पोस्ट बनाने का जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि चेक पोस्ट बनाने को लेकर ही दोनों महिला अफसरों के बीच जोरदार बहस हो गई। जिसके बाद एसडीएम ने दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत कर दी। अब कलेक्टर ने चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पीडबल्यूडी एसडीओ को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अवनीश शरण ने राजस्व विभाग के साथ ही सभी विभागों के अफसरों को जिम्मेदारियां दी है। चुनाव के दौरान संपत्ति विरूपण कार्रवाई व जांच के लिए चेक पोस्ट बनाया जाना है, जिसकी जवाबदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी तहसील व थानों में चेक पोस्ट बनाकर



जांच की जानी है। तखतपुर एसडीएम ज्योति पटेल ने पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रियंका मेहता के खिलाफ प्रतिवेदन भेजा है, जिसमें कहा गया है कि एसडीओ ने निर्देशों की अवहेलना करते हुए चेक पोस्ट पर जरूरी व्यवस्थाएं नहीं की है, जिसके लिए उनसे बात करने पर अनुचित शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया है।

### एसडीएम ने लिखा- चुनाव कार्य करने से किया इंकार

एसडीएम ज्योति पटेल ने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया है कि लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य कार्य को पीडब्ल्यूडी एसडीओ ने करने से इंकार किया है। उनका यह कृत्य कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28 क के प्रावधान के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के तहत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। इस प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने एसडीओ मेहता को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

### एसडीओ बोलीं- बारिश के चलते नहीं बना था चेक पोस्ट

इधर, पीडब्ल्यूडी विभाग की एसडीओ प्रियंका मेहता का कहना है कि पिछले तीन दिनों से बारिश हो रही थी और मौसम खराब था। जिसके चलते चेक पोस्ट बनाने में लेट हुआ। बुधवार को चेक पोस्ट बनाकर सभी व्यवस्थाएं कर दी गई है। वहीं, एसडीएम तत्काल चेक पोस्ट बनाने पर अड़ी थी। उनका फोन आया तब सामान्य बातचीत हुई है। किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। चुनाव कार्य उनकी प्राथमिकता में है। नहीं करने का सवाल ही नहीं है।

### नशीले टैबलेट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने साइबर सेले की टीम के साथ मिलकर अवैध प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की बिक्री कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 338 नग प्रतिबंधित टेबलेट तथा 5400 नगदी रकम जब्त कर उनके खिलाफ धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली व साइबर सेल की टीम को मुखबिर सो सूचना मिली कि अग्रसेन चौक के पास तीन संदिग्ध लड़के भारी प्रदीप राव पिता टोकेश राव उम्र 20 वर्ष साकिन रामसागर पारा कोरबा, साहिल सागर पिता स्वर्गीय सुनील सागर उम्र 22 वर्ष राम सागर पर कोरबा तथा देव प्रसाद सतनामी पिता स्वर्गीय सुखदेव सतनामी उम्र 24 वर्ष साकिन दर्री रोड कोरबा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध एवं प्रतिबंधित टैबलेट कुल 338 नग तथा 5400 नगदी एवं तीन नग मोबाइल जप्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सरकारी नौकरी मिलते ही प्रेमिका ने दिया धोखा, भड़के प्रेमी ने की हत्या

**गरियाबंद-रायपुर।** शासकीय नौकरी मिलने के बाद अपने प्रेमी से किनारा कर दूसरे युवक से दोस्ती रखने वाली सीएचओ की उसके प्रेमी ने हत्या कर दी। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बासिन का है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों ने बताया कि मृतका आराधना साहू 27 वर्ष की शासकीय नौकरी लग गई थी। इसके पूर्व उसका आरोपी श्याम साहू से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नौकरी मिलने के बाद वह श्याम से दूरी बनाकर चल रही थी। इसके अलावा श्याम को अनाचार के एक मामले में फंसा कर जेल भिजवा दिया था। इन सभी बातों से आरोपी भड़का हुआ था। बताया जाता है कि दोनों के बीच 8 साल से प्रेम संबंध था। अपनी उपेक्षा से भड़के श्याम ने मृतका आराधना की धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खेत में घुस गया और



खुदकुशी के लिए जहर मांग रहा था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पीट-पीटकर पुलिस को सौंप दिया था। आराधना रायपुर के मठपुरैना की रहने वाली थी और सिर्रीकला (गरियाबंद) अस्पताल में पदस्थ थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी श्याम ने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे, लेकिन सरकारी नौकरी मिलने के बाद आराधना ने धोखा दे दिया। वह कई दिनों तक मनाने की कोशिश करता रहा, लेकिन आराधना ने रेप केस में फंसाकर जेल भिजवा दिया। श्याम ने पुलिस को बताया कि जेल से छूटने के बाद भी उसने आराधना को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं समझी। इसके चलते उसने आराधना की हत्या कर दी।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

कोरबा। रिस्दी के पास रेत से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस अंतर्गत यह घटना गुरूवार की है। बताया जा रहा है कि संजीव कुमार साहू 35 वर्ष सुबह प्रथम पाली में ड्यूटी करने बाल्को जा रहा था। इस दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए संजीव को अपनी चपेट में ले लिया, गंभीर रूप से चोट लगने पर संजीव की स्थल पर ही मौत हो गई। इस बीच किसी ने डायल 112 और सिविल लाइन थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी और आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। संजीव कुमार मूलतरू ओडिशा का रहने वाला था और वर्तमान में कोरबा के रिस्दी में रह कर बालको के वेदांता कंपनी में काम करता था। संजीव के कंपनी के साइड इंचार्ज अनिश सिंह ने बताया कि उसे फोन पर घटना की जानकारी मिली। जब वह घटना स्थल पहुंचा तो उसे जिला मेडिकल कालेज अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया था। घटना की सूचना संजीव के स्वजनों को दे दी है। बताया जा रहा है कि संजीव का तीन साल पहले ही शादी हुई थी और उसका दो माह का एक बेटा भी है। घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 31 पशुओं को बुचड़खाना ले जा रहे 9 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले की कटघोरा थाना पुलिस ने पशुओं की हत्या के लिए बुचड़खाना ले जा रहे नौ आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद किया है। मामलें में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस



अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए 20 मार्च को ग्राम अमलडीहा के ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कुछ लोग मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए बूचड़खाना ले जाने हेतु लेकर जा रहे है।

सूचना पर थाना कटघोरा के पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए जशपुर जिला के रहने वाले 6 व्यक्ति और कोरबा जिले के रहने वाले 03 व्यक्ति को पकड़ा गया तथा उनके पास से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद कर पशुओं के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया जिनके द्वारा मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताने पर आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## नकाब के पीछे के छुपे चेहरों का पुलिस ने किया खुलासा, हत्थे चढ़े तीन आरोपी

# बुजुर्गों को टारगेट कर चैन स्नेचिंग की घटना को देते थे अंजाम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर तीन चेन स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। शातिर चेन स्नेचर शहर में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को टारगेट करते थे। खासबात यह है कि पकड़े गए चेन स्नेचरों में से एक खुद को बड़ा पत्रकार व वकील बाताता है। उसने अपनी लंबी चौड़ी फेसबुक प्रोफाइल बना रखी है और नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर अपलोड़ किया हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार पांच मामलों का खुलासा किया है।

शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं को देखते हुए जिले के एसपी ने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट



और पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया। चेन स्नेचिंग की शिकायतों पर जांच करते हुए तथा सीसी टीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने एक संदेही सर्वेश दुबे को हिरासत में लिया। सर्वेश पुलिस रिकार्ड में पहले से आदतन अपराधी के तौर पर रजिस्टर्ड है और पहले भी चेन स्नेचिंग के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने कृष्ण कुमार मेश्राम और कैलाश यादव का नाम बताया और सभी ने मिलकर हाल के दिनों में चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देना बताया।

### पहले वाहन चुराए फिर लग गए चेन चुराने

पुलिस पूछताछ में पता चला कि तीनों शातिर पूरी प्लानिंग के साथ चेन स्नेचिंग करते थे। पहले तीनों ने अलग अलग ठिकानों ने तीन गाड़ियां चुराई जिन्हें यह चेन स्नेचिंग की घटनाओं में इस्तेमाल करते थे। इनका टारगेट मॉर्निंग वॉक पर निकली बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। पहले पीछा करते और मौका मिलते ही चेन खींचकर फरार हो जाते। कोई इन्हें पहचान न ले इसके लिए तीनों चेहरों को पूरी तरह से ढक लेते थे। चेन चुराने के बाद इसे मुथूट फइनेंस में गिरवी रखकर पैसा ले लेते। इस तरह लगातार पांच वारदातों को अंजाम दिया और आखिरकर पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

### आरोपी कृष्णा मेश्राम की नेताओं के साथ फोटो

इनमें एक आरोपी कृष्ण कुमार मेश्राम काफी शातिर किस्म का चोर है। इसने फेसबुक पर लंबा प्रोफाइल बना रखा है। कृष्णा मेश्राम खुद को एक अखबार का ब्यूरो प्रमुख व पत्रकार बताता है। साथ ही अपने आप को वकील बताता है और पत्रकारों के एक संगंठन का पदाधिकारी भी बताता है। इसके साथ ही इसके खिलाफ कई मामले भी दर्ज हैं और पहले भी यह जेल जा चुका है। आरोपी प्रोफाइल को देखकर किसी भी विश्वास नहीं होगा कि यह एक शातिर चोर है।

# रेलवे में सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल के 4660 रिक्त पदों भर्तियाँ



**रायपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ़) में सब इंस्पेक्टर के 452 एवं कांस्टेबल के 4202 कुल 4660 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होकर 14 मई 2024 तक पूर्ण की जाएगी। उपरोक्त भर्ती के लिए सब इंस्पेक्टर के पद पर निर्धारित योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं आयु सीमा 20 से 28 वर्ष तथा कांस्टेबल के पद पर निर्धारित योग्यता भारत सरकार से मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 उतीर्ण या समकक्ष एवं आयु सीमा 21 से 28 वर्ष रखा गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ़) द्वारा जारी गई इन रिक्तियों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे। इस संबंध में और अधिक जानकारी दिनांक 02 से 08 मार्च के रोजगार समाचार में एवं रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

